भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
07.12.2022 के
अतारांकित प्रश्न सं. 222 का उत्तर

ठाणे रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय स्टेशन बनाने के संबंध में

222. श्री राजन बाबूराव विचारे:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मध्य रेल ने ठाणे रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए कोई योजना तैयार की है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं; और
(ग) केंद्रीय रेल प्रशासन द्वारा ऐतिहासिक ठाणे रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय स्टेशन का दर्जा देने के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्यौगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): जी हां। यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए ठाणे रेलवे स्टेशन को प्रमुख उन्नयन/पुनर्विकास के लिए रेल भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) को सौंपा गया है। ठाणे रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के लिए परामर्श निविदा प्रदान कर दी गई है। स्टेशन पुनर्विकास के अलावा, ठाणे रेलवे स्टेशन की पूर्व दिशा में ठाणे नगर निगम (टीएमसी) द्वारा बस स्टैंड के एकीकरण के लिए और व्यस्त यात्री यातायात को विसंकुलित करने के लिए एक स्टेशन एरिया ट्रैफिक इम्प्रूवमेंट सिस्टम (एसएटीआईएस) का कार्य शुरू किया गया है।

****